आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 17.04.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–देश में आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में सशस्त्र बलों का अहम योगदान।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पोकरण में 975 मेगावाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ किया।
- सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 पर केन्द्र सरकार से सात दिन में जवाब मांगा–मामले की सुनवाई 5 मई को होगी।
- जोधपुर और बीकानेर संभाग में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित–भरतपुर और झालावाड़ सहित कुछ स्थानों पर हल्की बारिश से गर्मी से राहत।

000

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सशस्त्र बलों के त्याग तप और बलिदान के कारण आज देश सुरक्षित हैं। श्री शाह आज सिरोही जिले के आबूरोड स्थित ब्रम्हकुमारी संस्थान के मुख्यालय में सुरक्षा बलों से संबंधित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बल बर्फीली वादियों और तपते रेगिस्तान में देश की सीमाओं की सुरक्षा में अपना जीवन समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि सेना और अर्द्धसैनिक बलों के अलावा सभी राज्यों की पुलिस भी आंतरिक सुरक्षा को बनाये रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। श्री शाह ने कहा कि ऐसा करना बहुत कठिन होता है।

............

गृहमंत्री ने कहा कि भारत ने दुनिया को सबसे पहले वसुधैव कुटुंबकम की भावना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग और आध्यात्म की भारत की पुरानी परंपरा है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 21 जून को अंतरराष्टीय योग दिवस मनाने का आह्वान किया है। यही आस्था आने वाले दिनों में विश्व शांति का रास्ता प्रशस्त करेगी। गृहमंत्री ने ब्रम्हकुमारी संस्थान के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने दुनियाभर में सादगी, संयम और सहयोग का वातावरण बनाने में मदद की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान सौर और अक्षय ऊर्जा में देश में शीर्ष पर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से 4 हजार 895 मेगावॉट क्षमता की परम्परागत और 41 हजार 883 मेगावॉट अक्षय परियोजनाओं को ढाई लाख करोड रुपये के निवेश से विकसित किया जाएगा। श्री शर्मा आज जैसलमेर के पोकरण में एक निजी कंपनी के 975 मेगावाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान 500 गीगावॉट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में एक के बाद एक शुरू हो रही सौर और पवन ऊर्जा की परियोजनाएं प्रदेश को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से बिजली कंपनियों को सस्ती दरों पर बिजली मिलेगी, ऊर्जा के परंपरागत माध्यमों पर निर्भरता कम होगी साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

............

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे संयंत्रों से लाखों घरों को नवीकरणीय ऊर्जा मिलेगी और विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

000

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आज राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। राजभवन में हुई इस भेंट के दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी राज्यपाल श्री बागडे से मुलाकात की। वहीं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने भी राज्यपाल से भेंट की।

000

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि नेशनल हेराल्ड मामला भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का मुद्दा है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। नई दिल्ली में आज पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एजेंसी की

कार्रवाई के बाद कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय की मौजूदा जांच कोई नई बात नहीं है और यह मामला भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने से काफी पहले वर्ष 2012–2013 में शुरू हुआ था। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर ईडी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। प्रदेश में कई स्थानो पर कांग्रेस पार्टी की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया।

000

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 पर केन्द्र सरकार से सात दिन में जवाब मांगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये अंतरिम आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने इन याचिकाओं की सुनवाई की। पीठ ने कहा कि वक्फ अधिनियम की धारा 9 और 14 के तहत केंद्रीय वक्फ काउंसिल और राज्य वक्फ बोर्डों में अगले आदेश तक कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। इसके अलावा अगली सुनवाई तक, किसी भी वक्फ संपत्ति, को गैर–अधिसूचित नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने केंद्र को वक्फ अधिनियम, 1995 में हाल ही में किए गए संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली और रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई अब 5 मई को होगी।

000

जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हुए इस समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी शिरकत की। इस दौरान श्री बागडे ने कहा कि संस्कृत भाषा संस्कृति और संस्कारों की जननी है। इसके संरक्षण के लिए समन्वित प्रयास होने चाहिए। राज्यपाल ने संस्कृत ग्रंथों के जरिए भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

लोकसभा अध्यक्ष ने संस्कृत भाषा को जन–जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। श्री बिरला ने कहा कि महापुरुषों ने भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को संस्कृत भाषा में ही रचा। इसकी वैज्ञानिकता को आधुनिक नजरिए से देखने की जरूरत है।

...............

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने संस्कृत को विश्व की प्राचीन भाषाओं का सूत्रधार बताया।

000

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के तहत प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी दी जा रही है। 8 अप्रैल से शुरू हुए इस पखवाड़े में आंगनबाड़ी केन्द्रों में पौष्टिक आहार, टीकाकरण और स्वास्थ्य देखभाल के बारे में बताया जा रहा है। इसी कड़ी में डीग जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी कई कार्यक्रम हो रहे हैं। जिले की बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि कुपोषण से निपटने के लिए ये पखवाड़ा अहम पहल है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कहा कि पोषण ट्रेकर एप की मदद से बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी रखी जा रही है।

000

प्रदेश के कई जिलों में आज भी भीषण गर्मी और कहीं कहीं लू का दौर जारी रहा। हालांकि दोपहर बाद कुछ जिलों में हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। आज भी जोधपुर और बीकानेर संभागों के कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 44 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। चुरू में आज दिनभर तेज गर्मी के कारण दोपहर में बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। भरतपुर और झालावाड सहित कुछ जिलों में आज सुबह बादल छाये रहे। मौसम केंद्र जयपुर ने मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने आज कोटा, अजमेर तथा जयपुर संभागों में आंधी चलने तथा हल्की बारिश की संभावना जताई है।

जैसलमेर में गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी और निजी स्कूलों में आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए समय बदल दिया गया है। जिले में अब स्कूल सुबह साढे सात बजे से ग्यारह बजे तक खुलेंगे।

उधर, पाली जिला कलेक्टर ने मनरेगा श्रमिकों का समय बदलते हुए सुबह छह बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया है। अत्यधिक गर्मी, लू और तापघात के मद्देनजर लोगों से प्रशासन की ओर से जारी परामर्श का पालन करने की अपील की जा रही है।

000